कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, पुनर्वास खण्ड, ईसरदा परियोजना, टोंक

पताः– बीसलपुर कॉलोनी सवाईमाधोपुर रोड़, टोंक ई–मेलः–eerehab.isarda@gmail.com

क्रमांकः– 1480

दिनांकः– 23-12-2024

श्रीमान् निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
राजस्थान जयपुर।

विषयः– ईसरदा बांध परियोजना के ग्राम बनेठा (मालियों की झोपड़िया) की परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण बाबत लोक जन–सुनवाई सूचना का प्रकाशन समाचार पत्रों में करवाने बाबत्।

प्रसंगः– कार्यालय अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली (टोंक) का पत्रांक ई.परि./2024/530–542 दिनांक 11.12.2024 के कम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में निवेदन है कि ईसरदा बांध पेयजल परियोजना के ग्राम बनेठा (मालियों की झोपड़िया) की परिसम्पत्तियों को अवाप्त किये जाने बाबत् भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–5 एवं राज्य सरकार के नियम 2016 के नियम–7 के तहत समाजिक समाधात निर्धारण की ड्राफ्ट रिपोर्ट पर प्रभावित व्यक्ति/हितधारकों की जन–सुनवाई, बैठक कलेक्टर (पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली (टोंक) एवं उपखण्ड अधिकारी उनियारा के अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2025 को मध्याह्न 01.30 बजे ग्राम पंचायत भवन बनेठा पर जन–सुनवाई का आयोजन किया जाना है।

अतः निवेदन है कि उक्त लोक जन–सुनवाई सूचना का प्रकाशन टोंक जिले के दो स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में शीघ्र करवाने का श्रम करावें एवं प्रकाशन की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रकाशन के बिलों की तीन प्रतियां भुगतान हेतु इस कार्यालय को भिजवाने श्रम करावें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(पंकज कुमार बैरवा)
सहायक अभियन्ता एवं तक.सहा (द्वितीय)
वास्ते अधिशाषी अभियन्ता
पुनर्वास खण्ड ईसरदा परियोजना
टोंक

क्रमांकः– 1481-1490

दिनांकः– 23-12-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत/प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन संभाग, जयपुर।
2. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदया, जिला टोंक।
3. श्रीमान् अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना, देवली।
4. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, ईसरदा परियोजना वृत, टोंक।
5. श्रीमान उपखण्ड अधिकारी उनियारा।
6. श्रीमान् तहसीलदार उनियारा।
7. श्रीमान् विकास अधिकारी, पंचायत समिति उनियारा।
8. सहायक अभियन्ता, पुनर्वास उपखण्ड द्वितीय, ईसरदा परियोजना बनेठा।
9. ग्राम पंचायत ....बनेठा....
10. सूचना पट्ट

सहायक अभियन्ता एवं तक.सहा (द्वितीय)
वास्ते अधिशाषी अभियन्ता
पुनर्वास खण्ड ईसरदा परियोजना
टोंक

Signature valid
Digitally signed by Pankaj Kumar Bairwa
Designation : Assistant Engineer
Date: 2024.12.23 12:50:49 IST
Reason: Approved

कार्यालय अतिरिक्त कलेक्टर(पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना, देवली (टोंक)

दिनांक :– 11-12-2024

क्रमांक :– ई.परि. / 2024 / 530 - 542

लोक जनसुनवाई सूचना

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–5 एवं राज्य सरकार के नियम 2016 के नियम–7 के तहत ईसरदा बांध निमार्ण हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण की ड्राफ्ट रिपोर्ट पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाना है। इस कम में विहित प्रावधानों के अनुसार ईसरदा बांध पेयजल परियोजना हेतु टोक जिले की तहसील उनियारा के ग्राम बनेठा (मालियों की झोपडियां) की परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया जाना है। अतः परिसम्पत्तियों के अर्जन हेतु ग्राम बनेठा (मालियों की झोपडियां) के प्रभावित व्यक्ति / हितधारको की जनसुनवाई बैठक अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी बीसलपुर परियोजना देवली एवं उपखण्ड अधिकारी उनियारा की अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2025 को मध्याह्न 01.30 बंजे ग्राम पंचायत भवन बनेठा पर जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।

11/12/24

अतिरिक्त कलेक्टर(पुनर्वास)
एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी,
बीसलपुर परियोजना, देवली।

क्रमांक :– ई.परि. / 2024 / 530 - 542 दिनांक :– 11-12-2024

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है।

1. श्रीमान जिला कलेक्टनर महोदय टोंक।
2. श्रीमान अतिरिक्त मख्य अभियन्ता जल संसाधन सम्भाग जयपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता ईसरदा वृत टोंक।
4. उपखण्ड अधिकारी उनियारा।
5. अधिशाषी अभियन्ता पुनवार्स खण्ड ईसरदा परियोजना टोंक को भेज कर लेख है कि लोक सूचनार्थ जनसुनवाई बैठक की सूचना दो स्थानीय समाचार पत्रो में प्रकाशन एवं उपतहसील कार्यालय बनेठा के नोटिस बोर्ड, ग्राम पंचायत बनेठा के नोटिस बोर्ड, मालियो की झोपडियां के सार्वजनिक स्थान पर चश्पानगी करावें एवं राज्य सरकार की वेबसाईट पर अपलोड् करावें।
6. प्रधान पंचायत समिति उनियारा।
7. विकास अधिकारी पंचायत समिति उनियारा।
8. सरपंच / ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बनेठा।
9. निर्वाचित जनप्रतिनिधी ग्राम पंचायत एवं गैर सरकारी संगठन बनेठा।
10. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त कलेक्टर(पुनर्वास)
एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी,
बीसलपुर परियोजना, देवली।